# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - ।

: संयोजक :

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: नराकास/ददि-1/बैठक/2017/वॉल-II/1322 दिनांक: 10 SEP 2018

सेवा में,

सभी सदस्य कार्यालय,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, द.दिल्ली-।

विषय: **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। के वाट्स-एप ग्रुप बनाने के संबंध में ।**

महोदय,

दिनांक 28.08.2018 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की तृतीय बैठक में लिए गए निर्णयानुसार नराकास, दक्षिण दिल्ली-। के सभी सदस्य कार्यालयों के बीच आपसी सहयोग/ समन्वय बढ़ाने हेतु एक वाह्ट्स-एप ग्रुप बनाया गया है । यह ग्रुप नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समस्त गतिविधियों / सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा राजभाषा प्रयोग के सम्मुख आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के लिए बनाया गया है। अत: सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध है कि वे ग्रुप की गरिमा को बरकरार रखते हुए अपनी सूचनाओं तथा समस्याओं को साझा करें। राजभाषा के प्रचार-प्रसार के संबंध में राजभाषा विभाग, डी.ओ.पी.टी. अथवा अन्य मंत्रालयों द्वारा किए जा रहे कार्य, ग्रुप में पोस्ट किए जा सकते हैं । परंतु **गुडमार्निंग / गुडनाइट के संदेश स्वीकार्य नहीं हैं । इसी प्रकार व्यक्तिगत संदेश, चुटकुले, कविताएं इत्यादि भी ग्रुप में पोस्ट न किए जाएं** । सदस्य कार्यालय कृपया सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय से इस प्रकार की कोई अवांछित सूचना / रचना पोस्ट न की जाए। आशा है, आप हमेशा की तरह आपसी समन्वय बनाए रखेंगे।

भवदीय,

10/9/18

(एन.के.मिश्र)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
सदस्य सचिव, नराकस
दिल्ली (दक्षिण)-।